प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पंतनगर के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के विद्यार्थियों का नामी कम्पनियों में चयन

पंतनगर। 11 मार्च 2020। पंतनगर विश्वविद्यालय का सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों का देश की नामी कम्पनियों में अच्छे पैकेज पर चयन हेतु प्रयासरत है। हाल ही में मैसर्स एसकोर्ट प्रा. लि. एवं मैसर्स मॉडर्न ट्रेड एण्ड लॉजिस्टिक. आईएनआई फार्मस प्रा.लि., मुम्बई, के अधिकारी सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय की प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में स्थित इकाई, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन प्रकोष्ठ, में सेवायोजन (प्लेसमेंट) हेतु पहुंचे। एसकोर्ट प्रा. लि. कम्पनी में चयन हेतु विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के 05 विद्यार्थियों को साक्षात्कार के पश्चात योग्य पाया गया, जिनमें कु. आदिति जोशी, कु. सलोनी सिंह, श्री पीयूष शर्मा, श्री भावेश सिन्हा एवं श्री पंकज भट्ट सम्मिलित हैं। इन विद्यार्थियों को कम्पनी द्वारा 5.0 लाख रूपये प्रतिवर्ष का पैकेज दिया जाएगा।

मैसर्स मॉडर्न ट्रेड एण्ड लॉजिस्टिक. आईएनआई फार्मस प्रा.लि., मुम्बई, द्वारा साक्षात्कार के आधार पर एक विद्यार्थी श्री अभिषेक चौहान का चयन किया गया। इस विद्यार्थी को कम्पनी द्वारा 4.25 लाख रूपये प्रतिवर्ष का पैकेज दिया जाएगा।

ज्ञात हो कि हाल ही में कई अन्य कम्पनियों द्वारा भी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का चयन किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. तेज प्रताप ने सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों की सराहना की है। प्रशिक्षण एवं सेवायोजन प्रकोष्ठ के प्राध्यापक, डा. अखिलेश कुमार एवं निदेशक, प्रशिक्षण एवं परामर्श ने भी इन सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं।

१. कु. आदिति जोशी

२. कु. सलोनी सिंह

३. श्री पीयूष शर्मा

४. श्री भावेश सिन्हा

५. श्री पंकज भट्ट

६. श्री अभिषेक चौहान